मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-194
12/04/2021

मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर में स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया

पटना, 12 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बख्तियारपुर में आज स्वतंत्रता सेनानी स्व0 डूमर सिंह, शहीद नाथून सिंह यादव, स्व0 कविराज रामलखन सिंह, स्व0 पंडित शीलभद्र याजी एवं शहीद मोगल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले स्वतंत्रता सेनानी स्व0 डूमर सिंह की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने श्री गणेश उच्च विद्यालय, बख्तियारपुर में बनने वाले नए विद्यालय भवन के साइट प्लान, न्यू प्रपोजल, स्पेस प्लानिंग आदि के विषय में कपूर एंड एसोसिएट्स के आर्किटेक्ट श्री रवि कपूर से पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने श्री गणेश उच्च विद्यालय के निर्मित होने वाले नए विद्यालय भवन को मजबूत बनाने के साथ–साथ इसकी क्षमता बढ़ाने एवं सौंदर्यीकरण करने का भी निर्देश दिया।

इसके उपरांत बख्तियारपुर के स्मारक पार्क में मुख्यमंत्री ने शहीद नाथून सिंह यादव की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने स्मारक पार्क के सौंदर्यीकरण एवं पार्क प्रांगण में सोलर लाइट लगाने का जिलाधिकारी को निर्देश दिया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अपने पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व0 कविराज रामलखन सिंह की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया एवं प्रतिमा प्रांगण को पार्क के रूप में विकसित करने तथा सौंदर्यीकरण करने का निर्देश दिया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बख्तियारपुर परिसर स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्व0 पंडित शीलभद्र याजी की प्रतिमा पर भी मुख्यमंत्री ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित वाह्य रोगी कक्ष एवं आपातकालीन कक्ष को तोड़ने का निर्देश दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पिछले हिस्से में स्थित पशु अस्पताल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ जोड़ने का भी उन्होंने निर्देश दिया ताकि अस्पताल का विस्तार किया जा सके। उन्होंने कहा कि बख्तियारपुर की आबादी को ध्यान में रखते हुए यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की क्षमता को बढ़ाना आवश्यक है।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय, बख्तियारपुर परिसर स्थित स्वतंत्रता सेनानी शहीद मोगल सिंह की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का मुआयना किया। उन्होंने कार्यालय प्रांगण के पिछले हिस्से में पशु अस्पताल के निर्माण का निर्देश दिया। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के नये भवन का निर्माण कराना आवश्यक है क्योंकि यह भवन 1950 के आसपास का बना हुआ है। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के नये भवन में आवासीय सुविधायें भी उपलब्ध रहेंगी। मुख्यमंत्री ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में तालाब का निर्माण एवं होर्टिकल्चर हेतु जमीन विकसित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 अगस्त के दिन सभी पॉचों स्वतंत्रता सेनानियों का शहादत दिवस एक ही दिन मनाया जाय।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री उदयकांत मिश्र, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेन्द्र शर्मा एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******